तापमान

अधिकतम 17.2 डिग्री

न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 7 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें सुनिश्चितः कलेक्टर




## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसोढ़ी निवासी आदिबल राम राजवाड़े आ. स्व. छबिल राम (50 वर्ष) 3 जनवरी को छेरता त्यौहार मनाने मुकुंदपुर मेहमानी करने गया था। दूसरे दिन पैदल घर आने लगा और जैसे ही पुहपुटरा और लहपटरा के बीच पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण अचेत हालत में पड़ा था। परिजन तत्काल घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक सवार दंपती को वाहन ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम तिरंग कोरकोटपारा निवासी पुष्पा पैकरा पति इंद्रजीत पैकरा (19 वर्ष) शनिवार को पति के साथ बाइक से मायके गांधीनगर क्षेत्र के ग्राम बलसेढ़ी महादेवपारा आ रही थी। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 रघुनाथपुर के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ऑटो से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत पुष्पा पैकरा को मृत घोषित कर दिया जबकि पति का उपचार अस्पताल में जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जंगली सूअर का शिकार, 7 फरार आरोपी भेजे गए जेल

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत जंगली सुअर का शिकार करने, उसके मांस को काटकर विक्रय करने एवं पकाकर खाने के मामले में वन अमले ने प्रारंभ से ही फरार चल रहे 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को सोमवार को रामानुजगंज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों ने वनपरिक्षेत्र धमनी अंतर्गत उप परिक्षेत्र सनावल झारा जंगल में 16 दिसम्बर 2025 के दिन फंदा लगाकर जंगली सुअर को पकड़ा था। सुअर को पकड़ने के बाद आरोपियों ने उसके टुकड़े कर मांस का विक्रय करने के साथ ही स्वयं भी पकाकर खाया था। सूचना पर विभाग द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50,51,52, 39(2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वन अमले ने ग्राम त्रिशुली निवासी आरोपी अरूण, सुनील, जितेन्द्र एवं जयफल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। रविवार को फरार आरोपियों को पकड़ने विभाग द्वारा दो टीमों को रवाना किया था।

## कुनकुरी विधानसभा में अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलन

# अटल ने दिखाया राष्ट्र निर्माण का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी विधानसभा के पमशाला में अटल स्मृति विधानसभा सम्मेलन का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल सिंह भल्ला, पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया एवं पूर्व विधायक भरत साय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गुरूपाल सिंह भल्ला ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, राजनीतिक जीवन एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाया। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई। भल्ला ने कहा कि आज के कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।






### अटल के विचारों को आत्मसाद करने का अवसर

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल स्मृति सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने अंत्योदय के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया। उपेन्द्र यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और भाजपा की नीतियों व सिद्धांतों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखें।

### सम्मेलन में इनकी रही उपस्थिति

सम्मेलन में प्रमुख रूप से जशपुर नगरपालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुदबल यादव, डीडीसी अनिता सिंह, मलाती बाई, राजकुमार गुप्ता, अनूप नारायण सिंह, असलम आज़ाद, यदुवर गुप्ता, दिलीप साहू, उमेश यादव, मुक्तेश्वर साय, चरित्र दास बाबा, कौशल्या यादव, रवि यादव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत में अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को आत्मसात करने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

### राजनैतिक मदभेदों का बावजूद संवाद और समन्वय

पूर्व विधायक सत्यानंद राठिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने वैचारिक मतभेदों के बावजूद संवाद और समन्वय की राजनीति को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के आदर्शों पर चलकर ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। राठिया ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### राष्ट्रभक्ति,सादगी और संवेदनशील नेतृत्व

पूर्व विधायक भरत साय ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सादगी और संवेदनशील नेतृत्व का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि अटल जी के कार्यकाल में देश ने सड़क, संचार, रक्षा और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होती है।

# धान खरीदी घोटाला मामले में जुर्म दर्ज, फड़ प्रभारी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिला पुलिस ने कोनपारा धान खरीदी उपकेंद्र में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान 6 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) के नोडल अधिकारी की रिपोर्ट पर की गई है। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि उपकेंद्र में कुल 1,61,250 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज है, जबकि मिलों व संग्रहण केंद्रों को मात्र 1,40,663.12 क्विंटल धान ही परिदान किया गया। इस तरह 20,586.88 क्विंटल धान की भारी कमी पाई गई। संयुक्त जांच दल के भौतिक सत्यापन में भी मौके पर धान अनुपलब्ध मिला।



### मामले की गहन जांच जारी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि अपेक्स बैंक की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, शेष की गिरफ्तारी शीघ्र होगी। मामले में गहन जांच जारी है।

### 6 अधिकारियों-कर्मचारियों पर केस

पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 320, 336, 338 व 61 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपियों में भुनेश्वर यादव, प्राधिकृत अधिकारी, जयप्रकाश साहू, समिति प्रबंधक, शिशुपाल यादव फड़ प्रभारी, जितेंद्र साय कंप्यूटर ऑपरेटर, अविनाश अवस्थी सहायक फड़ प्रभारी, चंद्र कुमार यादव उप सहायक फड़ प्रभारी। विवेचना के दौरान फड़ प्रभारी शिशुपाल यादव उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम झारमुंडा, तुमला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# पत्थर खदान और क्रशर प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध



**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार थाना क्षेत्र के कुकरभुका कोयलापहाड़ी गांव में पत्थर खदान और क्रशर प्लांट की स्थापना को लेकर ग्रामीणों का जबरदस्त विरोध सामने आया है। सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे और प्लांट के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल, पेड़-पौधे और पहाड़ उनके जीवन और आजीविका का आधार हैं, लेकिन कथित तौर पर ⏭ शेष पेज 4 पर

# कोतबा स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर कांग्रेस का सत्याग्रह, भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा में डॉक्टरों की भारी कमी और अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को कांग्रेसियों ने न केवल अस्पताल परिसर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की, बल्कि घंटी और थाली बजाकर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। केवल एक आरएमओ के भरोसे चल रहे इस अस्पताल की स्थिति सुधारने की मांग को लेकर घंटों चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा।

■ घंटी-थाली बजाकर किया प्रदर्शन

आंदोलन की शुरुआत बस स्टैंड से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए। हाथों में 'सत्याग्रह' की तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने एक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में घंटी, थाली और झुनझुना बजाकर प्रदर्शन किया। रैली के बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता अस्पताल परिसर में ही टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। नेताओं का कहना था कि जब तक अस्पताल में डॉक्टरों की स्थाई नियुक्ति और बुनियादी सुविधाओं का ठोस आश्वासन नहीं मिलता, वे अन्न ग्रहण नहीं करेंगे।

भूख हड़ताल की खबर मिलते ही बागबहार तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान, नायाब तहसीलदार करन सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस सत्याग्रह और भूख हड़ताल का नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सागर यादव, रवि शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह, आकाश मित्तल, रत्ना पैंकरा और नगर पंचायत अध्यक्ष हितेंद्र पैंकरा ने किया। बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं भी इस मांग का समर्थन करने अस्पताल पहुंचीं। मामले को बढ़ता देख पत्थलगांव बीएमओ जेम्स मिंज मौके पर पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे नेताओं से संवाद किया। उन्होंने मौके पर ही निम्नलिखित व्यवस्थाओं का लिखित आश्वासन दिया। प्रशासन के इस सकारात्मक रुख और लिखित आश्वासन के बाद नेताओं ने अपना सत्याग्रह और भूख हड़ताल स्थगित की। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस माह की 15 तारीख तक डॉक्टर की पदस्थापना नही होने पर,तो दोबारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।




## गम्हरिया नगर प्रवेश द्वार पर की गई प्रकाश की व्यवस्था

# शहर की प्राचीन विरासत और धरोहर को सहेजने का किया जा रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी एवं जनहितकारी नेतृत्व में जशपुर के चौक चौराहों और प्राचीन विरासत को सहेज कर किया जा रहा रोशन।

■ शहर के 6 जगहों को सीएसआर मद से जगमगाने की तैयारी

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर नगरी निकाय क्षेत्र में रात्रि कालीन सौन्दर्य और सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के 6 जगहों पर प्रकाश की व्यस्था की जा रही है। इनमें शहर के दो प्रवेश द्वार एक गम्हरिया चौक गिरांग से जशपुर आने वाले प्रवेश द्वार जिला पुरातत्व संग्रहालय, जिला ग्रन्थालय, जुदेव प्रतिमा चौक, महाराज चौक,बेल पहाड़ के पास सीएसआर मद से आकर्षक सुन्दर लाइट व्यस्था की जा रही है। इसके साथ ही राज्य की साय सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विद्युत सब-स्टेशनों की स्थापना, ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार तथा वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के



लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इन प्रयासों से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। साय सरकार द्वारा जशपुर जिले के हर्राडांड में प्रदेश के पांचवें 400/220 केवी उच्च क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र ⏭ शेष पेज 4 पर

### करोड़ों की प्रशासकीय स्वीकृति

सके अलावा जिले के सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े (पथलगांव), पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा में 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन के निर्माण हेतु करोड़ों रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन सभी परियोजनाओं के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। 117 नए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना ,ग्रामीण इलाकों की लो वोल्टेज समस्या से हमेशा के लिए मिलेगी निजात नए सब-स्टेशनों एवं ट्रांसमिशन नेटवर्क सहित ग्रामीण इलाकों में 117 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जा चुकी है। जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं, व्यापारियों और लघु उद्योगों को भी सीधा लाभ पहुंचेगा।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने सुरक्षित आवागमन के लिए आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड में नगर के 65 आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को सुगम यातायात के लिए सुरक्षा से जुड़े विषयों, आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। यातायात नियमों की जानकारी के पोस्टर वाहनों में लगाए गए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और यात्रियों व चालकों की सुरक्षा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में यातायात पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि चालक और सफर कर रहे लोग सुरक्षित रहें। तेज गति से वाहन न चलाने, नशे में गाड़ी न चलाए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन या ईयरफोन का उपयोग न करे एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चालकों को शपथ दिलाई गई और यात्रियों या सामान को ज्यादा भरकर न चलाने, नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एएसआई ब्यासदेव राय, प्रधान आरक्षक मुरीस खाखा, आरक्षक प्रेमसागर साहू, बिलोन बड़ा मौजूद रहे।

### गौ आश्रम धाम सलका अधिना में किया गया नव निर्मित शेड का लोकार्पण



**सलका अधिना।** वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष की ठंड के मौसम में किए जाने वाले गर्म कपड़ों की वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौ आश्रम धाम सलका अधिना केवटाली कोटया में आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे को गर्म कपड़े वितरित किए गए। माता के लिए साड़ी तथा बुजुर्गों के लिए कंबल, टोपी सहित अन्य आवश्यक वस्तु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट स्थिति वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि,कलेक्टर एस जयवर्धन, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित चारों ग्राम पंचायत के सरपंच पंच मौजूद थे। इस अवसर पर आश्रम धाम में स्वर्गीय हुकुमचंद अग्रवाल की स्मृति में अग्रवाल परिवार सलका द्वारा तथा स्वर्गीय रामनिवास अग्रवाल की स्मृति में राहुल ट्रेडर्स द्वारा निर्मित सेड का लोकार्पण अतिथियों ने किया। इसके अलावा अंबिकापुर के जगविंदर बंसल द्वारा गौ आश्रम धाम में एक और सेट निर्माण हेतु 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान गांव आश्रम धाम की टीम द्वारा कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की मांग रखा जिस पर सकारात्मक विचार करते हुए वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पर और जिला कलेक्टर द्वारा हाई मार्क्स लाइट, एक सुलभ शौचालय तथा सोलर सिस्टम युक्त ट्यूबवेल व पानी टंकी की प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी हीरालाल आ. स्व. जगेश्वर (50 वर्ष) 3 जनवरी को बेटी के साथ में घर में था जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। दोपहर को भोजन करने के पश्चात अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। पिता की तबीयत बिगड़ने पर बेटी सीमा पूछताछ की तो पिता ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर सीमा ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री को भेजेंगे पत्र

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने बच्चों ने निकाली रैली, 75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिंगल यूज प्लास्टिक रैपरों पर बैन लगाने की मांग को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। विभिन्न झांकियों और बैंड से सुसज्जित झांकी में बच्चों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे से हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराया। बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों को समर्थन मिला और पक्ष-विपक्ष सभी ने एक मंच पर आकर बच्चों के प्रयास की सराहना की। खास बात यह है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चलाया गया 75 हजार हस्ताक्षर अभियान पूर्ण हुआ और अब बच्चे अपनी मांग के साथ 75 हजार समर्थन पीएम नरेंद्र मोदी को भेजेंगे।

**खास बात**
- जनप्रतिनिधियों ने की सराहना

बता दें कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को लेकर होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है और बच्चे विभिन्न कंपनियों के सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को।एकत्रित कर पिछले दस सालों से उन्ही कंपनियों को वापस।भेज देते है ताकि प्लास्टिक पर प्रतिबंध लग सके। बच्चों के इस अभियान को वर्ष 2020 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहा था जिसके बाद बच्चों में इस अभियान को लेकर उत्साहवर्धन हुआ। अभियान के तहत विगत वर्ष से होली क्रॉस के बच्चे जनसमर्थन के लिए झांकियों के साथ रैली निकालते है वहीं इस साल बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक व रैपर पर बैन लगाने एक हस्ताक्षर अभियान चलाया और शहर भर में लोगों ने इस अभियान को अपना समर्थन भी दिया। सोमवार को।75 हजार हस्ताक्षर पूर्ण होने पर बच्चों ने शहर में भव्य रैली निकाली। सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर बच्चों ने विशेष झांकी बैंड के साथ रैली निकाली और शहर भ्रमण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बन्द करने का भी आह्वान किया।



रैली में शामिल बच्चे।

### मॉन्सटर की तरह कर रहा प्रभावित

अभियान के दौरान बच्चों ने घड़ी चौक पर एक नुक्कड़ नाटक किया। इस दौरानबच्चों ने प्लास्टिक कचरे की तुलना एक राक्षस से की जो पर्यावरण व जीवन को नुकसान पहुंचा रहा है। स्कूल की गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा ने बताया की हमने सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को बैन करने का अभियान छेडा है। रैली में ये सन्देश दिया गया प्लास्टिक मोनेस्टर कैसे हम सबको नुकसान पहुंचा रहा है। हमने के हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें 75 हजार लोगों के हस्ताक्षर लिए गए और अब इसे पीएम को भेजेंगे। हर साल की तरह इस साल भी हमने प्लास्टिक रैपर एकत्र किये हैं और उसे कंपनियों को क्रिसमस या न्यू इयर गिफ्ट के रूप में भेज रहे है।

#### छुट्टी में भी की तैयारी

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. जेस्सी ने बताया कि बच्चों न इस अभियान को लेकर काफी मेहनत की। स्कूल की छुट्टी होने पर भी बच्चे स्कूल आए और इस अभियान को लेकर तैयारियां की। शहर में जागरुकता अभियान चलाया, लोगों से हस्ताक्षर लिए। इस अभियान में बच्चों के साथ उन टीचरों का भी बड़ा योगदान होता है जो बच्चों को प्रेरित करते हैं इस तरह के आयोजन में सपोर्ट करते हैं।

### समर्थन में आए जनप्रतिनिधि

बच्चों के इस अभियान को शहर के जनप्रतिनिधियों के समर्थन भी मिला। इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमतीं मंजूषा भगत, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए इस दौरान सभी ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे समाज को एक नई दिशा देने की पहल है। अम्बिकापुर स्वच्छता में देश में अव्वल रहा है और इस बार स्वच्छता लीग में सफलता हासिल की। हमने सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया है और इसपर कार्रवाई भी करेंगे।



## सहकारी समिति छिंदिया में 3 हजार बोरी धान घोटाले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सहकारी समिति छिन्दिया में बड़े पैमाने पर धान घोटाले का मामला सामने आया है। किसानों ने गाढ़ी कमाई पर डाका डाले जाने के आरोप लग रहे हैं। तहसीलदार द्वारा 1 जनवरी को किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान समिति में लगभग 3000 बोरी धान कम पाया गया, जो कि करीब 1200 क्विंटल होता है। सरकारी समर्थन मूल्य के अनुसार इसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है।

- कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश

सूत्रों के अनुसार तहसीलदार ने निरीक्षण के बाद जांच कार्रवाई रजिस्टर में 3000 बोरी धान की कमी का लिखित उल्लेख भी किया है और संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। किसानों और ग्रामीणों का आरोप है कि समिति के प्रबंधक और कथित बिचौलियों की मिलीभगत से न केवल किसानों के धान में हेराफेरी की गई, बल्कि सरकार के राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि पूरे मामले को लीपापोती कर दबाने की कोशिश की जा रही है। यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले वर्ष भी ग्राम अर्जुनपुर के सामाजिक कार्यकर्ता जगधारी द्वारा समिति में अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को शिकायत दी गई थी, लेकिन उस समय भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई न होने के कारण समिति कर्मचारियों के हौसले और बढ़ गए और इस वर्ष फिर से बड़ा घोटाला सामने आया है। गांव में यह भी चर्चा है कि जांच के लिए बड़े अधिकारी मौके पर तो आए, लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। इधर किसानों ने किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी जताई है साथ ही दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### तीन हजार बोरी कम पाया गया था धान

जांच के दौरान सहकारी समिति छिन्दिया में 3 हजार बोरी धान कम पाया गया था। सरकारी समिति के जांच रजिस्टर में 3 हजार बोरी कम होने का लिखित उल्लेख किया है और इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया है। अभी जांच चल रही है जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

-मनहरण सिंह राठिया
तहसीलदार रामानुजनगर

## एसआईआर प्रक्रिया में वोटरों की छंटनी पश्चात 285 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर एवं शिवनन्दनपुर अंतर्गत चल रही एसआईआर प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मानकों के अनुरूप दस्तावेज जमा नहीं करने वाले नागरिकों पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बिश्रामपुर नगर पंचायत के करीब 285 लोगों को नोटिस जारी कर सुनवाई का एक अतिरिक्त अवसर दिया गया है,ताकि वे अपने वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें और मतदाता सूची में अपने नाम सुरक्षित रख सकें, ज्ञात हो कि सोमवार को इस प्रक्रिया के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के 22 नागरिकों को सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया गया था, सुनवाई के दौरान प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

- समय सीमा में आवश्यक वैध दस्तावेज जमा करने का दिया गया अतिरिक्त मौका

मानी नायब तहसीलदार प्रियंका रवि, नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पटवारी अरुण जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और प्रत्येक मामले को सुना गया,सुनवाई के दौरान कई नागरिक नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अपने-अपने दस्तावेज जमा किए,हालांकि कई ऐसे लोग भी सामने आए जिनके पास निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं,दस्तावेजों की कमी के चलते उनके बीच मतदाता सूची से नाम कटने का भय लगातार गहराता जा रहा है, जिससे



लोगों में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है,स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आम नागरिकों की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए दस्तावेज संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी और मार्गदर्शन दिया जाए,ताकि कोई भी पात्र मतदाता अनजाने में अपने अधिकार से वंचित न हो,एसआईआर के तहत चल रही यह प्रक्रिया जहां एक ओर मतदाता सूची को शुद्ध करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है,वहीं दूसरी ओर दस्तावेजों की कमी से जूझ रहे नागरिकों के लिए यह चिंता का विषय बनती जा रही है, इस संबंध एसडीएम शिवानी जायसवाल ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य योग्य मतदाताओं को सूची से बाहर करना नहीं,बल्कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है,जिन नागरिकों के दस्तावेज अधूरे हैं,उन्हें नियमानुसार अवसर दिया जा रहा है, ताकि वे समय रहते आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत कर सकें।

## बलरामपुर खदान में 30 लाख टन कोयले पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर खदान में करीब 30 लाख टन कोयले का विशाल भंडार मौजूद है, जिसे कुछ आवश्यक मशीनें और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर आसानी से निकाला जा सकता है, बावजूद इसके प्रबंधन पर आरोप है कि कर्मियों से काम न लेकर निजी ठेकेदारों के जरिये जानबूझकर खदान की पंपिंग व्यवस्था में बाधा डाली जा रही है। ऐसे में कम्पनी को नुकसान पहुंचाकर निजीकरण को बढ़ावा देने के आरोप प्रबंधन पर लग रहे हैं,मामले में कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा का दावा है कि इस खदान के भीतर सैकड़ों करोड़ रुपए की मशीनरी और सामग्री पहले से ही डूबी हुई है।

- एचएमएस संगठन के क्षेत्रीय महामंत्री ने चरणबद्ध आंदोलन करने की दी चेतावनी

जिससे न केवल सरकारी संपत्ति का भारी नुकसान हो रहा है,बल्कि खदान की उत्पादक क्षमता भी प्रभावित हो रही है,श्री मिश्रा का कहना है कि यदि मात्र चार से छह पंप और एलएचडी मशीनें उपलब्ध करा दी जाएं,तो बिना किसी बड़ी बाधा के कोयले का दोहन किया जा सकता है, उन्होंने आरोप लगाया है कि नया कुम्दा खदान 7/8 में भी इसी तरह की स्थिति जानबूझकर बनाई जा रही है, जिससे सरकारी उत्पादन को कमजोर कर निजीकरण का रास्ता साफ किया जा सके,यह स्थिति क्षेत्र हित, खदान हित और मजदूर हित तीनों के लिए घातक बताई जा रही है,इन मुद्दों को लेकर कोयला मजदूर सभा एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान कर दिया है,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन,16 जनवरी शुक्रवार से क्रमिक भूख हड़ताल करने एवं 23 जनवरी से अनशन पर बैठने की बात कही जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रबंधन ने समय रहते पंपिंग व्यवस्था दुरुस्त कर खदानों में मशीनें उपलब्ध नहीं कराई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा,उन्होंने कहा कि यह लड़ाई निजीकरण के खिलाफ, सरकारी संपत्ति की रक्षा और मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए है।

## रिश्तेदार की हत्या करने के मामले में आरोपी सगे भाई गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में शनिवार को छेरता पर्व के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद 24 वर्षीय युवक की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर देने वारदात में शामिल आरोपित दोनों सगे भाई टेम साय पैकरा 25 वर्ष एवं गेंद बिहारी 20 वर्ष पिता ठाकुर सिंह पैकरा निवासी द्वारिका नगर चौकी लटोरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज सोमवार को न्यायालय पेश कर दिया है,न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल दाखिल कराया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया (24 वर्ष) ने चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था,प्रेम विवाह के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे,शनिवार को छेरता पर्व के अवसर पर रामलल्लू का साला गेंदबिहारी दोनों रामलल्लू के घर में साथ खाना-पीना खाए,इसी दौरान गेंदबिहारी को घर में देखकर रामलल्लू का छोटा भाई अनिल नाराज हो गया और कहा कि इतने दिनों से तुम लोग हमारे घर नहीं आए,आज क्यों आए हो,इस बात पर गेंदबिहारी भड़क गया और धमकी देते हुए वहां से चला गया,पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेमसाय को लेकर वापस रामलल्लू के घर पहुंचा,इसके बाद दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से रामलल्लू और अनिल दोनों की जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए,घटना में गंभीर रूप से घायल रामलल्लू और अनिल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी ले जाया गया,जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई,वहीं रामलल्लू की स्थिति बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया,जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई,घटना की सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली,लटोरी पुलिस ने मामले में आरोपितों के खिलाफ धारा 296,351(3),115(2)3,5 बीएनएस की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया है,पुलिस ने बताया कि मामले की जांच परीक्षण उपरांत मामले में धारा103(1),324 जोड़ी गई है।पुलिस ने आरोपित सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है।

## यातायात जागरूकता हेतु कॉलेजों में कैंप लगाने एसएसपी से की मुलाकात

**अम्बिकापुर।** सड़क सुरक्षा माह में युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिये सुविधा देने के उद्देश्य से एनएसयूआई के पदाधिकारी नव कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल से मुलाकात के उन्हें ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि कॉलेज में पढ़ने वाले अधिसंख्यक छात्र-छात्राओं द्वारा आज दुपहिया वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। उन्हें सड़क दुर्घटना के जोखिम के शारीरीक और आर्थिक पक्ष से अवगत कराना आवश्यक है। इससे सड़क दुर्घटना में कमी होगी। साथ ही साथ ड्राइविंग लाइसेंस को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालयों में कैम्प लगाने से लायसेंस प्राप्त करने में छात्रों को सहूलियत प्राप्त होगी। एनएसयूआई की इस पहल का पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस पहल पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।

## हिन्दू धर्म की मजबूती से ही विश्व का कल्याण : मिश्रा

**अम्बिकापुर।** सर्व हिन्दू समाज मणिपुर बस्ती द्वारा संत गहिरा गुरु आश्रम में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में जिला के विभिन्न बस्ती, मंडलों में सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

- संत गहिरा गुरु आश्रम में किया गया हिन्दू सम्मेलन



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं बजरंगबली के छाया चित्र में दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्म जागरण के संस्कृति आयाम सह प्रांत प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने सनातन धर्म की महत्ता का उल्लेख करते हुए बताया कि गुण और कार्य के अनुसार व्यक्ति का वर्ण व्यवस्था में निर्धारण निश्चित था, यह जन्म आधारित नहीं था। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सूर्य प्रकाश साहू ने कहा कि हिन्दू जब जब बंटा है, तब तब घटा है। आज बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार और हत्याएं बहुत चिंताजनक हैं। करुणा और दया हमारी विशेषता रही है, लेकिन विधर्मियों ने इसे हमारी कमजोरी समझा है। उन्होंने कहा कि हमें जाति से ऊपर उठकर हम सब हिन्दू हैं, संगठन में शक्ति है के भाव को बढ़ावा देना है, अनेक प्रकार के संकटों से लड़ना है तो हमें एकजुट होना होगा। महिला वक्ता गौरी शर्मा ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन में जोर देते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य का पालन और व्यवहार सभी को करते हुए हमें भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना है। पुरोहित जय तिवारी ने बताया कि पूरी सृष्टि में एकमात्र सनातन धर्म है जो सभी के सुख और निरोग की कामना करता है। आभार प्रदर्शन संरक्षक सुरेश मलिक एवं मंच संचालन सरस्वती केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर शिवशंकर किस्पोट्टा, शम्भू प्रजापति, अरविंद पासी, गणेश साहू , जगदीश विश्वकर्मा, रेखा गुप्ता, हीरालाल सहित विभिन्न समाज के प्रमुखों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक सोनवानी, सालेम केरकेट्टा, यदुवंश केरकेट्टा, अभय साहू, रामसेवक साहू, इन्दर भगत, दिनेश साहू, सत्यम साहू, मुरारीलाल बंसल, पंकज चौधरी, अमरनाथ साहू, खुशबू एक्का, धनेश्वर दास, अंकित दास, अंकुश दास, बढ़हु राम यादव, लरंग मुंडा, उमेश यादव, राकेश कुशवाहा, मिथलेश श्रीवास्तव, रवि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## घिर्रा मेला नीलामी में बरतें पारदर्शिता नहीं तो करेंगे घेराव : बृजेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया को लेकर जनपद पंचायत की भूमिका पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मेला आयोजन का समय नजदीक होने के बावजूद अब तक नीलामी को लेकर कोई सार्वजनिक सूचना जारी नहीं किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विगत तीन-चार वर्षों से जनपद पंचायत शंकरगढ़ में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की आपसी सांठगांठ से मेला नीलामी अपारदर्शी तरीके से की जा रही है। शंकरगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत डीपाडीह कला एवं शंकरगढ़ में प्रतिवर्ष घिर्रा मेला आयोजित होता है, जो धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## केतकी खदान में नाराज ग्रामीणों ने मुख्य द्वारा के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

देश की पहली एमडीओ मोड में संचालित केतकी भूमिगत खदान परियोजना में सोमवार को स्थानीय नाराज ग्रामीणों के आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन करीब नौ घंटे तक बाधित रहा,भाजपा नेता संत सिंह के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने रोजगार सहित अन्य मुद्दों को लेकर खदान के मुख्य द्वार पर धरना देकर खदान संचालन ठप्प करा दिया,सुबह करीब साढ़े सात बजे शुरू हुए आंदोलन के बाद देर शाम लगभग चार बजे खदान प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके पश्चात आंदोलन को समाप्त किया गया। इसके बाद शाम करीब पांच बजे मजदूरों का खदान में प्रवेश हुआ और कोयला उत्पादन पुनः शुरू हो सका।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में खदान में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने,कोयला उत्पादन व परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए नियमित जल छिड़काव,तथा निजी कंपनी के



अधीन पेटी ठेकेदारों की कथित मनमानी और मजदूरों से मोटी रकम लेकर काम पर रखने जैसी अनियमितताओं की जांच शामिल रही,ग्रामीणों का कहना था कि कई स्थानीय युवक वीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं,इसके बावजूद खदान प्रबंधन निजी कंपनी द्वारा दूसरे जिलों से ठेका मजदूरों को काम पर रखा जा रहा है,जिससे स्थानीय युवाओं में रोजगार नहीं मिल पाने से नाराजगी है,साथ ही खदान के सामने और सड़क मार्ग पर जल छिड़काव न होने से दिनभर धूल का गुब्बार उड़ता रहता है। जिससे आसपास के गांवों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है।



# द केरल स्टोरी के मेकर्स ने की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई।** साल 2023 में निर्माता विपुल शाह 'द केरल स्टोरी'लेकर आए थे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। अब मेकर्स एक बार फिर इसी तरह की कहानी लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को नई फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसका नाम 'बियॉन्ड द केरल स्टोरी'है। हालांकि, इस फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर पूरी तरह से अलग और नए हैं। सनशाइन पिक्चर्स और विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित इस फिल्म को कामाख्या नारायण सिंह निर्देशित करेंगे। मेकर्स द्वारा जारी किए गए वीडियो में अभी कोई सीन या कोई कलाकार नजर नहीं आया है।

लाइफ Style

# कल्याणी

## बॉलीवुड में करने जा रहीं डेब्यू

'लोका चैप्टर 1' से सुर्खियां बटोरने वाली कल्याणी प्रियदर्शन के अब बॉलीवुड में डेब्यू करने की चर्चाएं हैं। कल्याणी रणवीर सिंह के साथ बॉलीवुड में कदम रख सकती हैं।अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन ने साल 2025 में सुपरहिट मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1: चंद्रा'में अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों ने ही पसंद किया था। 'लोका' की सफलता के बाद अब ऐसा लगता है कि कल्याणी बॉलीवुड में भी अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इसके लिए वो काफी उत्साहित हैं। ऐसी चर्चाएं उठ रही हैं कि कल्याणी प्रियदर्शन जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर सकती हैं। चर्चाएं ये भी हैं कि कल्याणी रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'प्रलय' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, ये चर्चाएं तेज हुईं कल्याणी की एक इंस्टाग्राम स्टोरी के चलते। दरअसल, हाल ही में कल्याणी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की और 'प्रलय' के निर्देशक जय मेहता को टैग किया। ये तस्वीर जोस सारामागो द्वारा लिखित उपन्यास 'ब्लाइंडनेस' की थी। इसे कल्याणी आजकल पढ़ रही हैं। कल्याणी ने इस गिफ्ट के लिए जय को धन्यवाद दिया। अपनी स्टोरी में जय को टैग करने के बाद से ही कल्याणी के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कल्याणी के नॉवेल 'ब्लाइंडनेस' की तस्वीर शेयर करने से उनके प्रलय में नजर आने की चर्चाएं इसलिए भी उठ रही हैं, क्योंकि इस किताब में हानि, दिशाहीनता और कमजोरी की एक इमोशनल कहानी है।



हॉलीवुड मसाला



# 170 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले दिग्गज अभिनेता अह्न सुंग की का 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महज एक बाल कलाकार के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और फिर धीरे-धीरे कोरियन सिनेमा के सबसे सम्मानित चेहरों में शुमार हो गए। करीब सात दशकों तक इंडस्ट्री में सक्रिय रहने वाले अह्न ने 170 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और हर पीढ़ी के दर्शकों के दिलों में अपनी अलग पहचान बनाई।



# विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!

**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है।



# दीपिका नए टैलेंट को देंगी पहचान...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जन्मदिन के मौके पर अपने फैंस को एक रिटर्न गिफ्ट दिया है। उन्होंने नई क्रिएटिव जेनरेशन को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रोग्राम लॉन्च किया है। दीपिका पादुकोण ने अपने जन्मदिन पर नए और युवा क्रिएटिव टैलेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक पहल शुरू की है। सच्ची कहानियों और नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की सोच के साथ दीपिका ने 'द ऑनसेट प्रोग्राम'की शुरुआत की घोषणा की है। यह उनके क्रिएट विद मी प्लेटफॉर्म का अगला कदम है। इसका मकसद ऐसे नए क्रिएटिव आर्टिस्ट्स को मौका देना है, जो इंडियन फिल्म, टीवी और विज्ञापन की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। उनके टैलेंट सही मायनों में सामने आ सके इसलिए यह प्लेटफॉर्म बनाया गया है।



# विनीत ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह ने नए साल की शुरुआत नई ऊर्जा और नए प्लान के साथ की है। 2025 उनके लिए शानदार रहा, जिसमें एक के बाद एक हिट फिल्में आईं। इनमें उनकी बड़ी सफलता 'छावा' भी शामिल है। अब 2026 की शुरुआत उनके लिए और भी धमाकेदार हो रही है। उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर पूजा मुहूर्त का वीडियो और तस्वीरें शेयर की हैं। विनीत ने शूटिंग के पहले दिन की कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। इनमें टीम पूजा करती दिख रही है और विक्रम सेट पर काम करते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में विनीत अपनी को-स्टार सैयामी खेर के साथ आरती करते दिखे। टीम के बाकी लोग पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। एक और क्लिप में विनीत भावुक होकर विक्रम को गले लगाते नजर आए।

टीवी मसाला



# केबीसी के 17वें सीजन के खत्म होने पर अटका महसूस कर रहे बिग बी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति का 17वां सीजन समाप्त हो चुका है। ऐसे में अमिताभ बच्चन को केबीसी के सेट की बहुत याद सता रही है। होस्ट अमिताभ बच्चन ने भावुक होकर सीजन को अलविदा तो कह दिया, लेकिन अब वह खुद को अटका हुआ महसूस कर रहे हैं। लोकप्रिय गेम शो केबीसी के सीजन 17 का ग्रैंड फिनाले 2 जनवरी को रात 9 बजे दिखाया गया। अब अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने बताया कि सीजन खत्म होने के बाद उन्हें अटका हुआ सा महसूस हो रहा है। वे सामान्य कामकाज में वापस लौटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी ताजा पोस्ट में अमिताभ ने लिखा, 'सीजन खत्म हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और दिन बहुत लंबे लग रहे हैं। काम की नैतिकता बनाए रखने का मन नहीं कर रहा। काम न करना एक गीले, बड़े बंजर इलाके में धीमी चाल चलने जैसा है।' उन्होंने आगे लिखा, 'इसमें अटक गया हूं... थके पैरों को बाहर निकालकर आगे बढ़ने की पूरी कोशिश करूंगा।' अमिताभ आखिरी बार फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में दिखे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस साइंस फिक्शन फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी थे। अमिताभ ने अश्वत्थामा का रोल निभाया, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। 'कल्कि 2898 एडी' का दूसरा भाग भी आएगा, जिसमें बिग बी अश्वत्थामा के किरदार को दोहराएंगे।

## गौरव को अब तक नहीं मिली जीती हुई कार

**नई दिल्ली।** टेलीविजन के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के विजेता गौरव खन्ना अपने व्लॉग में जीत को लेकर बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। शो खत्म हुए एक महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन गौरव को अब तक वह कार नहीं मिली है, जो उन्हें विजेता बनने पर इनाम के तौर पर दी जानी थी। हाल ही में अपने एक व्लॉग के जरिए गौरव ने इस मुद्दे पर हल्के-फुल्के अंदाज में बात की। गौरव खन्ना ने यह खुलासा अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए व्लॉग में किया, जिसमें उनके साथ 'बिग बॉस 19' के को-कंटेस्टेंट प्रणित मोरे भी नजर आए। दोनों शो के अनुभवों को याद करते हुए डिनर पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गौरव ने मजाकिया लहजे में कहा कि वह अब भी हाथों से खाना खा रहे हैं, जैसे उन्होंने घर के अंदर सीखा था, जबकि प्रणित चम्मच का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी बातचीत के बीच कार का मुद्दा भी सामने आ गया। जब प्रणित ने हंसी-मजाक में गौरव से कहा कि अपनी जीती हुई कार भी उन्हें दे दें, तो इस पर गौरव ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि उन्हें खुद अभी तक वह कार नहीं मिली है।



# एक्शन-रोमांस से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी तक इस हफ्ते ओटीटी पर आएगा एंटरटेनमेंट का सैलाब

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत ओटीटी दर्शकों के लिए बेहद खास रहने वाली है। इसी हफ्ते मच अवेटेड वेब सीरीज, रियलिटी शोज और फिल्में अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर दस्तक देने को तैयार हैं। रोमांच से लेकर बिजनेस पिचिंग, जबरदस्त एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और रियलिटी ड्रामा तक- हर तरह के कंटेंट से यह हफ्ता भरपूर रहने वाला है।

***मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9*** : इस हफ्ते सबसे पहले दर्शकों को मास्टरशेफ इंडिया-हिंदी सीजन 9 देखने को मिलेगा। ये खाना बनाने का शो 5 जनवरी से सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर शुरू गया है। यह कार्यक्रम सोनी टीवी चैनल पर भी उपलब्ध होगा और नए एपिसोड हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे दिखाई जाएंगे।

***शार्क टैंक इंडिया सीजन 5*** : 5 जनवरी को शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 भी रिलीज हो गया है। यह कार्यक्रम सोनी लिव प्लेटफॉर्म पर दिख रहा है। इस सीजन भी पहले की ही तरह कई तरह की नए बिजनेस पिचेस को शार्क के सामने पेश किया जाएगा।





***अखंडा 2*** : तेलुगु भाषा की एक बड़ी फिल्म अखंडा 2, 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह एक कल्पनात्मक और रोमांचक कथा है जिसमें दर्शकों को कथानक देखने को मिलेंगे। इस फिल्म में नंदमुरी बालकृष्ण कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह पिछले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगी।

***दे दे प्यार दे 2*** : रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' भी 9 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर जारी होगी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की इस फिल्म को सिनेमाघरों में कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। अब देखने वाली बात ये होगी कि ये फिल्म ओटीटी पर क्या कमाल दिखाती है।

***मास्क*** : तमिल भाषा की मास्क नामक एक्शन और रहस्य से भरी फिल्म 9 जनवरी को जी5 प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी और रोमांचक सीन के कारण दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करेगी।

# नए साल पर छुट्टियां मनाकर लौटे

*मुंबई। बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन नए साल का जश्न मनाकर अब विदेश से भारत लौट चुके हैं। बेटी आराध्या के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए ऐश्वर्या और अभिषेक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें तीनों मुस्कराते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह रही कि ऐश्वर्या ने फैंस और पैपराजी को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस छोटे से जेस्चर ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया। कई यूजर्स ने इसे परफेक्ट फैमिली मोमेंट'बताया तो कुछ ने कपल को नए साल की बधाई दी। हालांकि, कई बार ऐसी अफवाहें आईं कि ऐश्वर्या और अभिषेक एक-दूसरे से अलग हो रहे हैं, लेकिन समय-समय पर कपल ने सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। इस दौरान तीनों ब्लैक कलर के साथ ट्विनिंग करते हुए नजर आए। इससे पहले न्यूयॉर्क से भी ऐश्वर्या और अभिषेक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें दोनों कपल गोल्स देते हुए नजर आए थे। बिना किसी शोर-शराबे के परिवार के साथ समय बिताना हमेशा से इस कपल की प्राथमिकता रही है।*



## ऑल हर फॉल्ट की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में चुना गया बेस्ट एक्ट्रेस

# टिमोथी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का फिल्मों में रहा दबदबा

*लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक 31वें क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 5 जनवरी को किया गया। इस साल का समारोह कई मायनों में खास रहा, जहां फिल्मों के साथ-साथ वेब और टीवी सीरीज ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। अमेरिका के सांता मोनिका स्थित बार्कर हैंगर में आयोजित इस भव्य आयोजन में दुनियाभर के क्रिटिक्स द्वारा चुने गए बेहतरीन कलाकारों और क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।*

### 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बनी बेस्ट फिल्म

इस साल की सबसे बड़ी विजेता बनकर उभरी 'वन बैटल आफ्टर अनदर', जिसने बेस्ट फिल्म का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, फिल्म के निर्देशन के लिए मशहूर फिल्ममेकर पॉल थॉमस एंडरसन को भी सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। यह फिल्म अपनी दमदार कहानी, विजुअल ट्रीटमेंट और निर्देशन के चलते पहले से ही चर्चा में थी और अब अवॉर्ड्स में इसकी जीत ने इसे साल की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में शामिल कर दिया है।

### जैकब बने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता

एक्टिंग कैटेगरी की बात करें तो टिमोथी चालमेट ने फिल्म 'मार्टी सुप्रीम'के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि जैसी बकली को 'हैमनेट'में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सपोर्टिंग रोल्स में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां जैकब एलॉर्डी ने 'फ्रैंकनस्टीन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड अपने नाम किया, वहीं एमी मैडिगन को 'वेपन्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का सम्मान मिला।



**द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब** : कॉमेडी और ड्रामा सीरीज की कैटेगरी में भी कई चर्चित नामों ने बाजी मारी। द स्टूडियो को बेस्ट कॉमेडी सीरीज का खिताब मिला, जबकि जीन स्मार्ट, जैनेल जेम्स और आइक बारिनहोल्ट्ज ने अपने-अपने अभिनय के लिए अवॉर्ड जीते। ड्रामा सीरीज में द पिटके नोआ वाइल और कैथरीन ला नासा, सेवेरेंस के ट्रैमल टिलमैन और प्लूरिबस की रिया सीहॉर्न को सम्मानित किया गया।

**गोल्डन को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड** : एनीमेशन और म्यूजिक की दुनिया में 'के-पॉप डेमन हंटर्स'ने खास पहचान बनाई। फिल्म को बेस्ट एनिमेटेड फीचर और इसके गाने 'गोल्डन' को बेस्ट सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। वहीं 'स्क्विड गेम' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज सीरीज और 'द सीक्रेट एजेंट' को बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म चुना गया। इस बार का समारोह इसलिए भी खास रहा क्योंकि इसमें कई नई कैटेगरीज जोड़ी गईं, जिनमें कास्टिंग और एंसेंबल जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

***एडोलसेंस सीरीज ने भी जीते कई अवॉड्र्स*** : *टीवी और लिमिटेड सीरीज कैटेगरी में 'एडोलसेंस'का जलवा साफ नजर आया। इस सीरीज के कलाकारों ने लगभग हर प्रमुख अभिनय श्रेणी में जीत दर्ज की। स्टीफन ग्राहम को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्टर, ओवेन कूपर को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर और एरिन डोहर्टी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। वहीं 'ऑल हर फॉल्ट' की सारा स्नूक को लिमिटेड सीरीज में बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया।*

### विजेताओं की लिस्ट

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | टिमोथी चालमेट, 'मार्टी सुप्रीम' |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | जेसी बकली, 'हैमनेट' |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | जैकब एलोर्डी, फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | एमी मैडिगन, वेपन्स |
| सर्वश्रेष्ठ युवा अभिनेता या अभिनेत्री | माइल्स कैटन, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा | रायन कूगलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा | पॉल थॉमस एंडरसन, वन बैटल आफ्टर अनदर |
| सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग और एन्सेंबल | फ्रैंसिन मैसलर, सिनर्स |
| सर्वश्रेष्ठ छायांकन | एडोल्फो वेलोसो, ट्रेन ड्रीम्स |
| सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ संपादन | स्टीफन मिरियोन, एफ़ वन: द मूवी |
| सर्वश्रेष्ठ परिधान डिजाइन | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ हेयर और मेकअप | फ्रैंकनस्टाइन |
| सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव | अवतार: फायर एंड ऐश |
| सर्वश्रेष्ठ स्टंट डिजाइन | मिशन: इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग |
| सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर | के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी | द नेकेड गन |
| सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म | द सीक्रेट एजेंट |
| सर्वश्रेष्ठ गीत | गोल्डन, के-पॉप डेमन हंटर्स |
| सर्वश्रेष्ठ संगीत | लुडविग गोरान्सन, सिनर्स |

## खबर संक्षेप

### नशे में वाहन चलाता पकड़ा गया बस चालक

**राउरकेला।** बसों से जुड़ी दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राउरकेला में परिवहन विभाग ने व्यापक वाहन जांच अभियान तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में बस चालकों की शराब सेवन स्थिति, वाहन फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र और अन्य अनिवार्य दस्तावेजों की सघन जांच की जा रही है।रविवार की जांच में कोई बड़ी अनियमितता नहीं मिली, लेकिन सोमवार को हनुमान वाटिका चौक और पानपोश गांधी चौक पर अभियान के दौरान एक बस चालक को शराब के नशे में वाहन चलाने के आरोप में पकड़ा गया। चालक का कहना था, मैने आज शराब का सेवन नहीं किया है। कल पी थी। कान पकड़कर वादा करता हूँ कि आगे कभी भी शराब पीकर वाहन नहीं चलाऊँगा। बस राज्य से बाहर जा रही थी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हुई। परिवहन विभाग ने चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और कहा है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे जांच अभियान जारी रहेंगे, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहे।

### वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए विद्युत कटौती

**सुंदरगढ़।** ओडिशा पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ओपीटीसीएल की ओर से 132/33 केवी जोड़ा ग्रिड सब-स्टेशन में वार्षिक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य किए जाने के कारण राउरकेला शहर अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र, कोइड़ा, तालसा, टेनसा सहित आसपास के क्षेत्रों में आगामी 06 जनवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार,132/33 केवी सुंदरगढ़ ग्रिड सब-स्टेशन में वार्षिक अनुरक्षण कार्य के चलते सुंदरगढ़ जिले के अंतर्गत सुंदरगढ़ टाउन का संपूर्ण क्षेत्र, बेडाबहाल, मझापड़ा, सबडेगा, बालिशंकरा सहित आसपास के इलाकों में आगामी 07 जनवरी बुधवार को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। यह अनुरक्षण कार्य स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अतः सीमित समय के लिए विद्युत आपूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल प्रबंधन खेद व्यक्त करता है तथा संबंधित क्षेत्रों के सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम जनता से सहयोग की अपील करता है।

### हादसों में कमी लाने वाहनों पर लगाए गए रेडियम पट्टी

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर लगातार विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों तथा सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाए जाने की कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर मालवाहक वाहनों के आगे एवं पीछे रेडियम पट्टी लगाई जा रही है, ताकि अंधेरे या कम रोशनी की स्थिति में वाहनों की स्पष्ट पहचान हो सके ।

## समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

# शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें सुनिश्चितः कलेक्टर

**कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार तथा सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और आम नागरिकों को इसके लाभों की जानकारी देने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करने को कहा।



कार्यक्रम में अधिकारियों को जानकारी देते कलेक्टर।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने ओडीएफ प्लस मॉडल, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गांवों में कचरा संग्रहण, हाट-बाजारों की नियमित साफ-सफाई, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छता श्रमदान की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में उन्होंने पेंशन हितग्राहियों के आधार सीडिंग तथा दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की भर्ती शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों में शौचालय निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राशन कार्ड, पेंशन योजना एवं महतारी वंदना योजना के ऐसे हितग्राहियों जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम शीघ्र हटाए जाएं। साथ ही जिन पात्र व्यक्तियों के अभी तक नवीन राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनके कार्ड प्राथमिकता से तैयार करने को कहा। उन्होंने सुशासन शिविर सहित अन्य शिविरों में उज्ज्वला योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के आवास निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने स्व-सहायता समूहों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, लंबित बैंक लिंकेज कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को ऋण वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## यातायात नियमों का संदेश लेकर सड़कों पर उतरी पुलिस की टीम

**जशपुरनगर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस ने मंगलवार को शहर में भव्य ऑटो जागरूकता रैली निकाली। इस रैली में 117 से अधिक ऑटो चालकों ने भाग लेकर सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।यह रैली राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी 2026के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसके तहत जशपुर पुलिस लगातार स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित कर रही है।

ऑटो रैली की शुरुआत एसडीओपी कार्यालय जशपुर से हुई। रैली महाराजा चौक, सन्ना तिराहा, विरसा मुंडा चौक, जैन तिराहा, बस स्टैंड और पुरानी टोली होते हुए पुनः एसडीओपी कार्यालय में समाप्त हुई। शहर की सड़कों पर जब ऑटो कतारबद्ध होकर गुजरे, तो आम लोगों का ध्यान स्वतः ही सड़क सुरक्षा की ओर गया।

### ओवरलोडिंग और नशे में ड्राइविंग से बचें

रैली का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर राकेश कुमार पाटनवार के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम के दौरान एएसपी पाटनवार ने ऑटो चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यकता से अधिक सवारी बैठाना दुर्घटनाओं को न्योता देता है। सभी चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन बीमा अपडेट रखना चाहिए तथा नशे की हालत में वाहन चलाना पूरी तरह से वर्जित है।

### पुलिस की आम नागरिकों से अपील

जशपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं, ओवरस्पीडिंग और नशे में ड्राइविंग से बचें। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में गुड सेमेरिटन बनकर घायलों की मदद करें और नजदीकी अस्पताल व थाना को सूचना दें। पुलिस का कहना है कि एक जिम्मेदार नागरिक का छोटा सा प्रयास भी किसी की जान बचा सकता है।

## पूर्व माध्यमिक शाला खिचरी में जेंडर सखी संतोषी का प्रेरणादायी प्रयास

**कटेली।** जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला खिचरी में नववर्ष के अवसर पर शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सराहनीय पहल की गई। बुदेली क्लस्टर की जेंडर सखी संतोषी रात्रे द्वारा स्कूली बच्चों के शैक्षणिक स्तर को मजबूत करने के उद्देश्य से कॉपी एवं पेन का वितरण किया गया। नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ मिले इस उपहार से विद्यालय परिसर में बच्चों के बीच खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास साफ झलकता नजर आया। बच्चों के साथ साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी जेंडर सखी संतोषी रात्रे की इस पहल की जमकर सराहना की और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर पर पीआरपी चमेली जांगड़े भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस मौके पर जेंडर सखी संतोषी रात्रे ने कहा कि आज के समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे मजबूत आधार है। हर बच्चे का स्कूल से जुड़ना बेहद जरूरी है। शिक्षक और अभिभावक आपसी समन्वय बनाकर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे आगे बढ़कर समाज और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से यह भी निवेदन किया कि वे पालकों से लगातार संवाद कर बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए प्रेरित करें, ताकि शिक्षा का लाभ हर घर तक पहुंच सके। नववर्ष के इस आयोजन ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ साथ समाज को यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों और शिक्षकों ने जेंडर सखी संतोषी रात्रे का आभार व्यक्त किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।



### नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष का कोसीर में स्वागत

**कोसीर।** भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश अजगल्ले बीते दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कोसीर पहुंचे जहां कोसीर की हृदय स्थल अम्बेडकर चौक में कोसीर मंडल कार्यकर्ताओं के दारा उनका भव्य स्वागत किया गया। जिसे देखकर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष हितेश अजगल्ले अभिभूत हुए और भाजपा कोसीर मंडल के कार्यकर्ताओ को दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सबका प्यार पाकर बहुत खुश हूं। ऐसे ही हमारे पार्टी व भाजपा संगठन के लिए हमेशा प्यार व एकता बनाए रखना क्योंकि भाजपा हमेशा से ही हर इंसान व कार्यकर्ता के लिए समान भाव रखता है और निरंतर विकास को बढ़ावा देता है। इसके पश्चात युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश अजगल्ले, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर निराला, जिला कारयकारिणी सदस्य देवकूमारी लहरे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बैजन्ती लहरे, भाजपा महामंत्री विशाल सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मंदिर जाकर माता कौश्लेशरी देवी मां की दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

## डामरीकरण व सौंदर्यीकरण के करोड़ों के कार्यों का भूमिपूजन

**जशपुरनगर।** नगर के समग्र विकास और अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में जशपुर नगरपालिका क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर के प्रमुख मार्गों और चौकों पर डामरीकरण व सौंदर्यीकरण के करोड़ों रुपये के कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नगरपालिका द्वारा गमरिया प्रवेश द्वार से जूदेव चौक तक गौरव पथ रोड के डामरीकरण एवं रिनीवल कोट का कार्य 1.52 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। वहीं जूदेव चौक से महाराजा चौक तक सड़क डामरीकरण पर 80 लाख तथा सूर्य नमस्कार चौक के सौंदर्यीकरण पर 60 लाख की राशि व्यय की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जशपुर नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण एवं निर्माण कार्यों के लिए 6 करोड़ की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। इससे शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में भी सड़क और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए नगर में सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थलों पर वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। साथ ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है, ताकि स्वच्छता रैंकिंग में जशपुर का प्रदर्शन बेहतर हो सके।

नगरपालिका द्वारा जय स्तंभ चौक का सौंदर्यीकरण पूर्ण कर लिया गया है तथा अटल परिसर का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। कलेक्टर रोहित व्यास ने संबंधित विभागों को इन कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा हाइटेक बस स्टैंड निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, ओम प्रकाश सिन्हा, विक्रांत सिंह, रजनी प्रधान, सत्येंद्र सिंह सत्तू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शुभेंदु श्रीवास्तव एवं उप अभियंता नवीन तिवारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।



## शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**बिरमित्रपुर।** बिरमित्रपुर थाना अंतर्गत बरहाबांस हड़रतोली गांव में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां बेटे ने कथित रूप से अपने ही पिता की नृशंस हत्या कर दी। इस संबंध में बिरमित्रपुर थाना कांड संख्या 06/26 03 जनवरी धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन कुजूर उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी बरहाबांस हड़रतोली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे उसके चाचा समरा कुजूर 55 और उनके पुत्र सूरज उर्फ स्वराज कुजूर 28 के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद समरा कुजूर का शव कमरे के अंदर पाया गया। बताया गया है कि आरोपी सूरज कुजूर शराब के नशे में आए दिन पिता से झगड़ा और मारपीट करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी राम प्रसाद नाग मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच पुलिस अधिकारी निरुपमा मोहपात्रा कर रही हैं। आरोपी को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



### शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में काइट फेस्टिवल का होगा आयोजन

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा शहरवासियों के मनोरंजन एवं सांस्कृतिक एकता को ध्यान में रखते हुए आगामी 10 एवं 11 जनवरी को दो दिवसीय भव्य काइट फेस्टिवल पतंग उत्सव का आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। बच्चों व युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी तथा विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जेसीआई रायगढ़ सिटी के अध्यक्ष जेसी सीए गुलशन अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य शहर के परिवारों को एक साथ जोड़ना, परंपराओं के प्रति उत्साह बढ़ाना और सुरक्षित माहौल में मनोरंजन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम विवरण 10 जनवरी उद्घाटन दिवस इनॉगुरल सेशन एवं फ्लैग होस्टिंग शाम को लाइव बैंड प्रस्तुति माइंड रीडर डॉ. आर्या चंदेल का विशेष शो कार्निवल परेड 11 जनवरी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष काइट शो गुजरात के प्रोफेशनल काइट आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा शाम को म्यूजिकल हाउज़ी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पत्थर खदान और ...

दस्तावेजों में कूटरचना कर लंबे समय की लीज लेकर यहां पत्थर खदान और क्रशर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। आरोप है कि प्लांट के समीप स्थित गौठान की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया है, साथ ही डभरी को भी पाट दिया गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि प्लांट से उड़ने वाली धूल से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ेगा। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वर्ष 2009 में कथित रूप से फर्जी ग्रामसभा कर करीब 10 एकड़ भूमि लीज पर ली गई थी, जहां अब प्लांट लगाया जा रहा है। जिस पहाड़ की कटाई की जा रही है, उसे आदिवासी समाज ग्राम देवता के रूप में पूजा करता आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट के लिए बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई की गई है और पहाड़ियों को काटकर रास्ता बनाया गया है। इसके साथ ही प्लांट संचालक द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिसके विरोध में ग्रामीणों ने बागबहार थाना में ज्ञापन सौंपा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल, बागबहार तहसीलदार कृष्णमूर्ति दीवान, पत्थलगांव नायब तहसीलदार भीष्म पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे मामले को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने एक स्वर में पत्थर खदान और क्रशर प्लांट को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### शहर की प्राचीन ...

की स्थापना को मंजूरी दी गई है,जिसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगी, जो पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इसके साथ ही फरसाबहार एवं झिक्की बगीचा में 132/33 केवी सब-स्टेशन की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे क्षेत्रीय बिजली भार का संतुलन बेहतर होगा। बिजली के साथ विकास को मिली नई रफ्तार- जिलेवासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को मिली विद्युत सौगातों से न केवल बिजली व्यवस्था मजबूत हुई है, बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी विकास को नई गति मिली है। निर्बाध बिजली आपूर्ति से आमजन के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, साय सरकार की यह पहल जशपुर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।

## श्रद्धालुओं व यात्रियों को मिली बड़ी राहत

# बिलाईगढ़ से प्रयागराज सीधी बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक बड़ी और बहुप्रतीक्षित सुविधा की शुरुआत हो गई है। चंडी एंड महेंद्रा ट्रैवल्स द्वारा सांकरा बसना बिलाईगढ़ मार्ग होते हुए प्रयागराज के लिए सीधी यात्री बस सेवा प्रारंभ की गई है। इस नई सेवा से श्रद्धालुओं, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा आम यात्रियों को समय और खर्च दोनों में उल्लेखनीय राहत मिलेगी।

यह बस सेवा बिलाईगढ़ से प्रतिदिन दोपहर 4 बजे रवाना होगी, जो बसना, सांकरा, पिथोरा, बिर्रा, चांपा, कोरबा, कटघोरा, अंबिकापुर, रामानुजगंज, रेणुकूट आदि प्रमुख स्थानों से होते हुए अगली सुबह 7 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वहीं वापसी में बस प्रयागराज से शाम 4.30 बजे प्रस्थान कर निर्धारित समयानुसार बिलाईगढ़ पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित यात्रा, तय समय सारिणी एवं संपर्क व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। टिकट बुकिंग एवं जानकारी के लिए बिलाईगढ़ कार्यालय के मोबाइल नंबर 9754132887, 7503168888 एवं 7999085141 पर संपर्क किया जा सकता है। अंबिकापुर एवं प्रयागराज कार्यालय के लिए भी पृथक संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रयागराज जैसे बड़े धार्मिक, शैक्षणिक एवं व्यापारिक केंद्र के लिए सीधी बस सेवा शुरू होने से लोगों को अब बार बार वाहन बदलने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। विशेष रूप से कुंभ, स्नान पर्व, प्रतियोगी परीक्षाओं, इलाज एवं व्यापारिक कार्यों के लिए जाने वाले यात्रियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि मारुति साहू, जिला पंचायत सभापति कुंजराम पटेल, पार्षद घसिया यादव, पार्षद सौभाग्य शरण सिंह, अर्जुन लाल साहू सरपंच नगरदा, बिरेंद्र साहू आदि शामिल थे।







